दिन–बुधवार | दिनांक– 25 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधि – 05 मिनट

केंद्र सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा के लिए आज शाम सर्वदलीय बैठक बुलाई है। यह बैठक संसद परिसर में होगी। संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दलों के साथ मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि संकट के समय रचनात्मक भूमिका निभाना विपक्ष का भी कर्तव्य है, लेकिन दुर्भाग्य से विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष पर अपना बयान दिया था।

————————————————————

केंद्र सरकार ने उन खबरों और सोशल मीडिया पोस्टों का खंडन किया है जिनमें दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना – पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शन के लिए रिफिल बुकिंग की समय सीमा को संशोधित करके पैंतालीस दिन कर दिया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ऐसा कोई बदलाव नहीं किया गया है और मौजूदा रिफिल बुकिंग की समय सीमा अपरिवर्तित है। शहरी क्षेत्रों में ये पच्चीस दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में पैंतालीस दिन बनी हुई है, चाहे कनेक्शन का प्रकार कुछ भी हो। सरकार ने यह भी दोहराया है कि देश में पर्याप्त एलपीजी स्टॉक उपलब्ध है और चिंता का कोई कारण नहीं है। सरकार ने नागरिकों को ऐसी गलत सूचनाओं पर विश्वास न करने और उन्हें प्रसारित न करने की सलाह दी है। साथ ही अनावश्यक या घबराहट में एलपीजी रिफिल बुकिंग से बचने की भी सलाह दी है।

————————————————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों एमएसएमई, किसानों और सहकारी समितियों को सशक्त बना रही है। श्रीमती सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्त विधेयक, दो हजार छब्बीस पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र सरकार का पूरा फोकस रोजगार सृजन, उत्पादन और देश के

समग्र विकास पर है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सुधार की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है।

———————————————————————

जदयू ने लोकसभा अध्यक्ष से पार्टी लाइन के विपरित आचरण के कारण सांसद गिरिधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने का अनुरोध किया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा में जदयू के नेता दिलेश्वर कामत ने इस संबंध में अध्यक्ष को आधिकारिक पत्र सौंपा है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में चौबीस नवम्बर दो हजार पांच को पहली बार एनडीए की सरकार बनी और तब से यहां कानून का राज है। श्री कुमार समृद्धि यात्रा के तहत आज बक्सर जिले में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले की पांच सौ बानवे करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इधर, मुख्यमंत्री ने भोजपुर में भी दो सौ उनहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली दो सौ सत्ताईस योजनाओं का शिलान्यास और एक सौ संतानवे करोड़ रूपये लागत वाली चार सौ चौरानवे योजनाओं का उद्घाटन किया। श्री कुमार इस समय भोजपुर में जनसंवाद सभा को संबोधित कर रहे हैं।

———————————————————————

राज्य सरकार ने हड़ताल पर चल रहे अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारियों को आज शाम पांच बजे तक हर हाल में अपने पद पर योगदान करने का निर्देश दिया है। उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ऐसा नहीं करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। इसमें वेतन कटौती, सेवा में टूट से लेकर अनुशासनिक कार्रवाई भी शामिल है।

———————————————————————

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही आज चार दिवसीय महापर्व चैती छठ का महाअनुष्ठान संपन्न हो गया। लोगों ने गंगा, गंडक, कोसी, बागमती, सरयू, महानंदा सहित अन्य नदी घाटों पर भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर पारन

किया। औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर नवादा के हड़िया सूर्य मंदिर, गया के दक्षिणार्क सूर्य देवालय, नालंदा जिले में बड़गांव के बालार्क तथा औंगांरी गांव स्थित अंगार्क सूर्य मंदिर, पटना के बाढ़ स्थित पुण्यार्क मंदिर और दुल्हिन बाजार के उलार स्थित सूर्य मंदिर में बड़ी संख्या में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किये गये थे।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।